# जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

**प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**

**क्रमांक– 05**
**दिनांक–14.01.2026**

## जनेकृविवि में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित रक्त दान शिविर सहित विविध कार्यक्रमों का समापन

**जबलपुर 14 जनवरी, 2026।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल रक्त दान शिविर सहित विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। रेड क्रास सोसायटी एवं मेडिकल कॉलेज जबलपुर के सहयोग से आयोजित रक्त दान शिविर में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता छात्र एवं छात्राओं सहित एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने रक्त दान किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा द्वारा एनसीसी कैडेट्स को रैंक वितरण किया गया। एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशाल रैली भी निकाली गई।

विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार, कृषि महाविद्यालय,जबलपुर में आयोजित किया गया। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग में सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता की।

इस कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. अमित झा, एनसीसी अधिकारी डॉ. राहुल डोंगरे, एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. नीलू विश्वकर्मा, छात्रावास अधीक्षक पवन अमरीते, रेडक्रास सोसायटी से श्री सुनील गर्ग एवं इंजी. आलोक राजपूत सहित छात्र–छात्राओं एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।